# ब्याज दर मॉडल पॉलिसी

2022

एंटरप्राइज़ वाइड-लागू

यह दस्तावेज़ ब्याज दर मॉडल के मानदंड के तौर पर काम करता है

एक्सियो, कैपफ्लोट फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का ब्रांड नाम है, जो आरबीआई के साथ पंजीकृत एनबीएफसी है

# विषय सूची


| विषय | पेज |
|---|---|
| I. ऋण के लिए ब्याज दर निर्धारित करने के सिद्धांत | 3-6 |
| II. ब्याज की दर | 6 |
| III. बैंकिंग और वित्त समिति | 6-7 |
| IV. पॉलिसी की समीक्षा | 7 |

भारतीय रिजर्व बैंक अपनी अधिसूचना संख्या डीएनबीएस. 204 / सीजीएम (एएसआर) -2009 दिनांक 2 जनवरी 2009 के माध्यम से निर्देश दिया है कि प्रत्येक एनबीएफसी का बोर्ड कंपनी के लिए ब्याज दर मॉडल को मंजूरी देगा, जिसके अंतर्गत फंड की लागत, मार्जिन और जोखिम प्रीमियम जैसे संबंधित कारकों को ध्यान में रखा जाएगा और लोन और एडवांसेज़ के लिए लगने वाले ब्याज की दर का निर्धारण किया जाएगा।

इसके अलावा, निर्देशों में कहा गया है कि:

- ब्याज दर और जोखिम के वर्गीकरण के लिए प्रस्ताव और विभिन्न श्रेणी के कर्ज़दारों के लिए ब्याज की अलग-अलग दरों को चार्ज करने के कारण के बारे में कर्ज़दारों/ग्राहकों को स्वीकृति पत्रों में सूचित किया जाना चाहिए।
- ब्याज दर मॉडल को भी कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि ग्राहक उनसे ली जाने वाली ऋण दरों की वजह और कार्यप्रणाली को समझ सकें।

आरबीआई के उक्त निर्देशों के अनुपालन के अंतर्गत कंपनी के लिए ब्याज दर का मॉडल नीचे दिया गया है:

## ऋण के लिए ब्याज दर को निर्धारित करने के नियम:

- कैपफ्लोट फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास अन्य बातों को ध्यान में रखते हुए ब्याज दरों को निर्धारित करने का अपना मॉडल है कैपफ्लोट फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने फंड की औसत लागत, गैर-आवंटन योग्य ओवरहेड्स और एएलएम असंतुलन में आगे समायोजित होने वाले अन्य प्रशासनिक लागतों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया है। फंड की भारित औसत लागत की गणना बैंक, एनबीएफसी लाइनों, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर्स जैसे कैपफ्लोट फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के विभिन्न स्रोतों के महीने के अंत में कुल ऋण की लागत को ध्यान में रखते हुए की जाती है।

- बैंकिंग और वित्त समिति की मीटिंग में उक्त दर की समीक्षा की जाती है।

- विभिन्न बिज़नेस सेगमेंट और उसके अंतर्गत की विभिन्न योजनाओं के लिए ऋण हेतु ब्याज दर का निर्धारण कैपफ्लोट फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के ब्याज दर मॉडल, संबंधित बिज़नेस सेगमेंट के जोखिम की लागत और प्रीमियम, व्यवसायिक परिचालन लागत के माध्यम से किया जाता है और मार्जिन को ऋण दर के लिए जोड़ा जाता है।

- कैपफ्लोट फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विभिन्न उत्पादों के लिए पेश किए गए निर्णायक ऋण दर का निर्धारण निम्नलिखित मापदंडों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है: बाजार की स्थिति, ब्याज, संबंधित व्यवसाय खंड में क्रेडिट और डिफ़ॉल्ट के जोखिम, समान ग्राहकों का ऐतिहासिक प्रदर्शन, कर्जदार का प्रोफाइल, कर्जदार के साथ संबंध की अवधि, मौजूदा ग्राहक होने की स्थिति में कर्जदार के पुनर्भुगतान का ट्रैक रिकॉर्ड, उपलब्ध सबवेंशन, बदलाव की अनुमति, भविष्य की क्षमता, समूह की ताकत, समग्र ग्राहक प्रतिफल, प्राथमिक और अतिरिक्त सुरक्षा की प्रकृति और मूल्य आदि। ऐसी जानकारियां कर्जदार द्वारा दी गई सूचना, क्रेडिट रिपोर्ट, बाजार की समझ, और कर्जदार के परिसर के क्षेत्र निरीक्षण द्वारा एकत्र की गई जानकारी के आधार पर पेश की जाती है।

- अलग-अलग ग्राहकों द्वारा समान अवधि के दौरान एक ही उत्पाद के लिए लिए गए ब्याज दर और अवधि को मानकीकृत नहीं किया जाना चाहिए। उपरोक्त कारकों में से किसी एक या उससे अधिक कारक को ध्यान में रखते हुए यह विभिन्न ग्राहकों के लिए अलग अलग हो सकता है।

- उपभोक्ता ऋण के लिए नो कॉस्ट ईएमआई, ब्याज दर का वहन ग्राहक नहीं करता है और ब्याज का भुगतान व्यापारी द्वारा अनुदान के तौर पर किया जाता है। ऐसे उत्पाद हैं जहां पहले ही छूट की पेशकश की जाएगी। इन उत्पादों पर ग्राहक ब्याज का भुगतान करता है लेकिन कुल मूलधन और ब्याज उत्पाद की मूल लागत के बराबर होता है। इससे ग्राहक को बगैर किसी अतिरिक्त कीमत के यह उत्पादन असली कीमत पर मिलेगा।

- ब्याज दरों को निर्धारित या परिवर्ती आधार पर पेश किया जा सकता है और फ्लैट या परिवर्ती बैलेंस विधि से लगाया जा सकता है।

- उपरोक्त के लिए, वार्षिक आधार पर परिवर्ती बैलेंस रेट पर ब्याज सीमा 14 से 36% के बीच हो सकती है

- विभिन्न उत्पादों/खंडों के लिए मासिक या त्रैमासिक दरों पर ब्याज लगाया जा सकता है जो संभावित ग्राहकों के लिए किया जाएगा और बाद की नीति में दर्ज किया जाएगा।

- ग्राहकों को ब्याज दर/ब्याज प्रकार के बारे में ऋण की स्वीकृति/लाभ लेते समय बताया जाएगा और ग्राहक को ब्याज और मूल बकाया राशि के लिए ईएमआई की सुविधा दी जाएगी।

- सूचित किए जाने पर देय तिथि तक ब्याज दे दिया जाना चाहिए और ब्याज के भुगतान के लिए कोई ग्रेस पीरियड नहीं दिया जाएगा।

- किसी भी देय राशि का भुगतान करने में देरी या चूक होने पर कंपनी द्वारा सामान्य ब्याज के अलावा, अतिरिक्त/दंडात्मक ब्याज भी लगाया जा सकता है। विभिन्न उत्पादों या सुविधाओं के लिए इस अतिरिक्त या दंडात्मक ब्याज को संबंधित व्यवसाय/उत्पाद प्रमुखों द्वारा तय किया जाएगा।

- ब्याज दर और शुल्क में परिवर्तन संभावित रूप से प्रभावी होंगे और ब्याज या अन्य शुल्कों में होने वाले बदलाव की सूचना ग्राहकों को उपयुक्त प्रणाली और तरीके से दे दी जाएगी।

- कंपनी द्वारा आवश्यक समझे जाने पर ब्याज के अलावा प्रोसेसिंग फीस, ओरिजिनेशन फीस, चेक बाउंसिंग चार्ज, लेट पेमेंट फीस, रि-शेड्यूलिंग फीस, प्री पेमेंट/फोरक्लोजर चार्ज, पार्ट डिस्बर्समेंट चार्ज, चैक स्वैप चार्ज, सिक्योरिटी स्वैप चार्ज, स्टेटमेंट

अकाउंट जारी करने का चार्ज जैसे अन्य फाइनेंशियल चार्ज लगाए जा सकते हैं। इन चार्जेस के अलावा, समय-समय पर स्टाम्प ड्यूटी, सर्विस टैक्स और अन्य उपकर लागू दर से लिए जाएंगे जैसा कि दिए गए डॉक्यूमेंट में बताया गया है। इन चार्जेस में होने

- वाले किसी भी बदलाव का संभावित प्रभाव होगा और कर्जदार को उसके बारे में सूचित कर दिया जाएगा।
- शुल्क तय करते समय, बाजार में प्रतिस्पर्धियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रथाओं को भी ध्यान में रखा जाएगा।
- शुल्कों की वापसी या छूट/दंडात्मक ब्याज/अतिरिक्त ब्याज के दावों पर आमतौर पर कंपनी द्वारा विचार नहीं किया जाएगा और इस तरह के अनुरोधों से निपटने के लिए कंपनी के विवेकाधिकार पर है।

## ब्याज की दर:

- कंपनी कर्जदार को सूचित करती है: ऋण की राशि, ब्याज की वार्षिक दर, अवधि, ऋण की मंजूरी के समय समान मासिक किश्तों की राशि।

## बैंकिंग और वित्त समिति:

- समय-समय पर ब्याज दरों की समीक्षा की जाएगी और इस नीति में किसी भी संशोधन का निर्णय बैंकिंग और वित्त समिति द्वारा किया जाएगा जिसे अनुमोदन के लिए कंपनी के निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।
- विभिन्न उत्पादों के लिए ब्याज दर की गणना करने के तरीके को परिभाषित करने वाले ब्याज दर प्रीमियम और इसे प्रभावित करने वाले विभिन्न तत्वों पर एक नोट को अर्धवार्षिक अंतराल पर समीक्षा और अनुमोदन के लिए बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

- उत्पाद-वार न्यूनतम और अधिकतम ब्याज रेंज एक नोट तिमाही अंतराल पर समीक्षा और अनुमोदन के लिए बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

  उत्पाद-वार/उप-उत्पाद-वार ब्याज दर श्रेणियां इस प्रकार हैं:

| उत्पाद | न्यूनतम ब्याज दर% | अधिकतम ब्याज दर% |
|---|---|---|
| असुरक्षित बिज़नेस लोन | 17 | 24 |
| एलटीयूबीएल (यूबीएल3) (फ्लैट रेट) | 14 | 17.5 |
| बैंकिंग सरोगेट (यूबीएल2) | 20 | 26 |
| कंज्यूमर फाइनेंस (ऑनलाइन चेकआउट सहित) | पार्टनर सबवेंट | 24 |
| पर्सनल लोन - वेतनभोगी | 18 | 36 |
| पर्सनल लोन – स्वनियोजित | 21.5 | 36 |

- प्रत्येक उत्पाद में विभिन्न जोखिम खंडों के अनुसार कई उप-उत्पाद होते हैं। इन उप-उत्पादों में से प्रत्येक के लिए ब्याज की एक सीमा होती है, जो ग्राहक के रिस्क प्रोफाइल पर निर्भर करती है।

- कृपया ध्यान दें कि एएलसीओ (एसेट लायबिलिटी कमेटी) की मीटिंग में समय-समय पर फंड की लागत जैसे कई कारकों के आधार पर ब्याज दर सीमा तय करती है।

## पॉलिसी की समीक्षा:

- वार्षिक आधार पर या कंपनी के बोर्ड को आवश्यक लगने पर पॉलिसी की समीक्षा की जाएगी।